36600 - महिला के लिए हज्ज के कारण मासिक धर्म निरोधक गोलियाँ लेना जाइज़ है

प्रश्न

क्या महिला के लिए मासिक धर्म को रोकने के लिए गोलियाँ सेवन करना वैध है ताकि वह लोगों के साथ हज्ज कर सके ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान अल्लाह के लिए योग्य है।

"महिला के लिए गर्भ निरोधक गोलियाँ लेने में कोई बात नहीं है जो रमज़ान के दिनों में उसके मासिक धर्म को रोक दें ताकि वह लोगों के साथ रोज़ा रख सके, इसी तरह हज्ज के दिनों में ताकि वह लोगों के साथ तवाफ कर सके और हज्ज के कार्यों से बाधित न हो, और अगर गोलियों के अलावा कोई दूसरी चीज़ उपलब्ध हो जो मासिक धर्म को रोक दे तो उस के सेवन में भी कोई बात नहीं है जबकि उस में कोई शरई (धार्मिक) रूकावट या नुक़सान न हो।" (शैख अब्दुल अज़ीज़ बिन बाज़ रहिमहुल्लाह की बात समाप्त हुई)